Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Code No. **142**

Candidates must write the Code on the title-page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# POLITICAL SCIENCE
# राजनीतिक विज्ञान

*General Instructions :*

*सामान्य निर्देश :*

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them.***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 80*

**Note / नोट :**

*(i)* *Please check that this question paper contains* **16** *printed pages.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* **16** *मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title-page of the answer-book by the candidate.*
*प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *Please check that this question paper contains* **30** *questions.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* **30** *प्रश्न हैं।*

*(iv)* ***Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.***
***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* **15** *minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at* **10.15** *a.m., from* **10.15** *a.m. to* **10.30** *a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*
*इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में* **10.15** *बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में* **10.15** *से* **10.30** *बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

(vi) *This question paper comprises of **five** sections - **A**, **B**, **C**, **D** and **E**. **All** questions are **compulsory**.*

*प्रश्न–पत्र को **पाँच** खण्डों में विभाजित किया गया है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ। सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(vii) ***Section - A** Question No. **1** to **12** are Multiple choice questions, carrying **1** mark each.*

***खण्ड – क** में प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(viii) ***Section - B** Question No. **13** to **18** are Short answer type questions, carrying **2** marks each. Answer to these questions should not exceed **50** to **60** words.*

***खण्ड – ख** में प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(ix) ***Section - C** Question No. **19** to **23** are Long answer (Type-I) type questions, carrying **4** marks each. Answer to these questions should not exceed **100** to **120** words.*

***खण्ड – ग** में प्रश्न संख्या **19** से **23** तक दीर्घउत्तरीय (प्रकार-I) प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(x) ***Section - D** Question No. **24** to **26** are Passage, Cartoon, Map based type questions, answer each question accordingly. Each question carries **4** marks.*

***खण्ड – घ** में प्रश्न संख्या **24** से **26** तक गद्यांश, कार्टून, मानचित्र आधारित प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर तदनुसार दें। प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है।*

(xi) ***Section - E** Question No. **27** to **30** are Long answer (Type-II), type questions carrying **6** marks each. Answer to these questions should not exceed **170** to **180** words.*

***खण्ड – ङ** में प्रश्न संख्या **27** से **30** तक दीर्घउत्तरीय (प्रकार–II) प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(xii) *Answer should be in brief and to the point. Also, the above word-limit should be adhered to, as far as possible.*

*उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द–सीमा का यथासंभव पालन कीजिए।*

(xiii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

*प्रश्न–पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए।*

(xiv) *In addition, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

*इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।*

## SECTION - A / खण्ड – क

## MULTIPLE CHOICE QUESTIONS / बहु विकल्पीय प्रश्न

**1.** Which of the following statements is **not** correct about erstwhile Soviet Union ? **1**

(a) Soviet system was very bureaucratic and authoritarian.

(b) Lack of democracy and the absence of freedom of speech.

(c) CPSU had tight-control over all the institutions and was accountable to the people.

(d) Russia dominated everything, people from other regions felt neglected.

निम्न में से कौन सा कथन पूर्ववर्ती सोवियत यूनियन के संबंध में सही **नहीं** है ?

(a) सोवियत व्यवस्था बहुत नौकरशाही केंद्रित और सत्तावादी थी।

(b) लोकतंत्र का अभाव और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अनुपस्थिति।

(c) सी.पी.एस.यू. का सभी संस्थाओं पर कठोर नियंत्रण था और वह लोगों के प्रति उत्तरदायी थी।

(d) रूस का हर क्षेत्र में आधिपत्य था, दूसरे क्षेत्रों के लोग उपेक्षित थे।

**2.** In the following question, a statement of **Assertion (A)** is followed by a statement of **Reason (R)**. Choose the appropriate answer from the options given below : **1**

**Assertion (A)** : Dealing with non-traditional threats to security requires co-operation rather than military confrontation.

**Reason (R)** : Co-operative security may require the use of force as a last resort.

**Options :**

(a) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(b) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(c) **(A)** is true but **(R)** is false.

(d) **(A)** is false but **(R)** is true.

निम्नलिखित प्रश्न में एक **कथन (A)** वाक्य के साथ **कारण (R)** वाक्य दिया गया है। दिए गये विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

**कथन (A) :** अपारंपरिक सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए आपसी सहयोग की आवश्यकता है न कि सैन्य दखल की।

**कारण (R) :** सहयोगमूलक सुरक्षा में ताकत का प्रयोग अंतिम विकल्प के तौर पर ही होता है।

**विकल्प :**

(a) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(b) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(c) **(A)** सही है, किंतु **(R)** गलत है।

(d) **(A)** गलत है, किंतु **(R)** सही है।

3. Match the content given in **Column 'A'** correctly with the content given in **Column 'B'** and choose the correct answer from the codes given below : **1**

| | Column 'A' | | Column 'B' |
|---|---|---|---|
| (A) | Nuclear Non-Proliferation Treaty | (I) | 1966 |
| (B) | Tashkent Agreement | (II) | 1972 |
| (C) | Bandung Conference | (III) | 1955 |
| (D) | Shimla Agreement | (IV) | 1968 |

**Codes :**

(a) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)
(b) (A)-(I), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(II)
(c) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)
(d) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(III), (D)-(II)

**कॉलम 'A'** में दिए गये विषयवस्तु को **कॉलम 'B'** में दिए गये विषयवस्तु से सुमेलित/मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गये कोड विकल्पों में से सही को चुनिए :

| | कॉलम 'A' | | कॉलम 'B' |
|---|---|---|---|
| (A) | परमाणु परीक्षण निषेध संधि | (I) | 1966 |
| (B) | ताशकंद समझौता | (II) | 1972 |
| (C) | बांडुंग सम्मेलन | (III) | 1955 |
| (D) | शिमला समझौता | (IV) | 1968 |

**उत्तर कोड :**

(a) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)
(b) (A)-(I), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(II)
(c) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)
(d) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(III), (D)-(II)

4. Political violence that targets civilians deliberately and indiscriminately refers to __________. **1**

(a) Human security (b) Global security
(c) Insurgency (d) Terrorism

जानबूझकर और अंधाधुंध तरीके से नागरिकों को निशाना बनाने वाली राजनीतिक हिंसा से तात्पर्य है :

(a) मानव सुरक्षा (b) वैश्विक सुरक्षा
(c) आंतरिक विद्रोह (d) आतंकवाद

5. Given below are two statements : **1**

**Statement (I) :** In Central Asia, Tajikistan witnessed a civil war that went on for ten years till 2001.

**Statement (II) :** The Central Asian Republics are areas with vast hydrocarbon resources.

In the light of above statements, choose the **correct** answer from the options given below :

(a) Both **Statement (I)** and **Statement (II)** are true.
(b) Both **Statement (I)** and **Statement (II)** are false.
(c) **Statement (I)** is true but **Statement (II)** is false.
(d) **Statement (I)** is false but **Statement (II)** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं :

**कथन (I) :** मध्य एशिया के तजाकिस्तान में वर्ष 2001 तक लगातार दस वर्ष तक गृह युद्ध चला।

**कथन (II) :** मध्य एशियाई गणराज्यों में हाइड्रो-कार्बन संसाधनों का विशाल भंडार हैं।

उपर्युक्त कथनों के प्रकाश में नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन करें :

(a) **कथन (I)** और **कथन (II)** दोनों सत्य हैं।
(b) **कथन (I)** और **कथन (II)** दोनों असत्य हैं।
(c) **कथन (I)** सत्य है, किंतु **कथन (II)** असत्य है।
(d) **कथन (I)** असत्य है, किंतु **कथन (II)** सत्य है।

6. Arrange the following in chronological order : **1**

(i) Bangladesh War
(ii) India-China War
(iii) First nuclear explosion by India
(iv) Kargil Conflict

Choose the **correct** option :

(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (iv), (iii), (ii), (i) (d) (iii), (ii), (i), (iv)

निम्नलिखित को क्रमानुसार व्यवस्थित करें :

(i) बांग्लादेश युद्ध
(ii) भारत-चीन युद्ध
(iii) भारत द्वारा प्रथम परमाणु विस्फोट
(iv) कारगिल संघर्ष

**सही** विकल्प चुनें :

(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (iv), (iii), (ii), (i) (d) (iii), (ii), (i), (iv)

7. In June 1984, the Government of India carried out an army action in the Golden Temple in Amritsar with the code name __________. **1**

(a) Operation Green Star (b) Operation Red Star

(c) Operation Yellow Star (d) Operation Blue Star

जून, 1984 में भारत सरकार द्वारा स्वर्ण मंदिर, अमृतसर में की गई सैन्य कार्यवाही का कोड नाम था :

(a) ऑपरेशन ग्रीन स्टार (b) ऑपरेशन रेड स्टार

(c) ऑपरेशन यलो स्टार (d) ऑपरेशन ब्लू स्टार

8. Identify the **incorrect** pair : **1**

(a) A.K. Gopalan - India's first Communication Minister

(b) Maulana Abul Kalam Azad - India's first Education Minister

(c) Dr. Bhimrao Ambedkar - Republican Party of India

(d) Shyama Prasad Mukherjee - Founder President of Jana Sangh

**गलत** जोड़े को पहचानें :

(a) ए.के. गोपालन – भारत के प्रथम दूरसंचार मंत्री

(b) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद – भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री

(c) डॉ. भीमराव अंबेडकर – रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया

(d) श्यामा प्रसाद मुख़र्जी – जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष

9. Identify the leader who is popularly known as 'Periyar'. **1**

(a) C. Annadurai (b) E.V. Ramasami Naicker

(c) N.T. RamaRao (d) E.M.S. Namboodiripad

'पेरियार' नाम से प्रसिद्ध नेता को पहचानें :

(a) सी. अन्नादुराई (b) ई.वी. रामासामी नायकर

(c) एन.टी. रामाराव (d) ई.एम.एस. नम्बूदीरीपाद

10. Who was the Governor General of India in 1948 ? **1**

(a) Deen Dayal Upadhyay (b) Chakravarti Rajgopalachari

(c) Gopalaswamy Iyengar (d) Sardar Vallabhbhai Patel

1948 में भारत का गवर्नर जनरल कौन था ?

(a) दीनदयाल उपाध्याय (b) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

(c) गोपाल स्वामी आयंगर (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

11. Which of the following best describes the indigenous people of India ? **1**

(a) Scheduled Castes
(b) Scheduled Tribes
(c) Other Backward Castes
(d) Bahujan Samaj

निम्न में से कौन सबसे बेहतर तरीके से भारत के देशज (मूल) लोगों को इंगित करता है ?

(a) अनुसूचित जाति
(b) अनुसूचित जनजाति
(c) अन्य पिछड़ा वर्ग
(d) बहुजन समाज

12. An international agreement setting targets for industrialised countries to cut their greenhouse gas emission is known as : **1**

(a) Rio Protocol
(b) UN Environment Programme
(c) UN Framework Convention on Climate Change
(d) Kyoto Protocol

औद्योगिक देशों द्वारा ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती को लेकर तय किए गए लक्ष्यों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय समझौते को पहचानिए :

(a) रियो प्रोटोकॉल
(b) यू.एन. एनवायरॉनमेंट प्रोग्राम
(c) संयुक्त राष्ट्रसंघ के जलवायु परिवर्तन से संबंधित बुनियादी नियमाचार (UNFCCC)
(d) क्योटो प्रोटोकॉल

## SECTION - B / खण्ड – ख

13. State the issues addressed by First Five Year Plan. **2x1=2**

प्रथम पंचवर्षीय योजना में जिन मुद्दों या समस्याओं को संबोधित किया गया, उन्हें बताएँ।

14. What is meant by the term 'Arms Control' ? Give two examples. **2x1=2**

'अस्त्र नियंत्रण' से आप क्या समझते हैं ? दो उदाहरण दीजिए।

15. Explain 'Preventive Detention'. **2**

'निवारक नज़रबंदी' की व्याख्या करें।

16. Elucidate the military influence of EU. **2**
यूरोपीय यूनियन के सैन्य प्रभाव को स्पष्ट करें।

17. Briefly explain 'Human Security'. **2**
'मानवता की सुरक्षा' को संक्षेप में बताएँ।

18. "In the era of one party dominance, Congress was an ideological coalition". Justify the statement. **2**
''एक-दलीय प्रभुत्व के दौर में कांग्रेस एक विचारधारात्मक गठबंधन थी।'' इस कथन का औचित्य स्पष्ट करें।

## SECTION - C/खण्ड - ग

19. Comprehend the term 'Euroskepticism' in context of the European Union. **4**
यूरोपीय यूनियन के संदर्भ में 'यूरोस्केप्टिसिज़्म' (यूरोपीय यूनियन के प्रति संशय) को विस्तार से बताइए।

20. "Globalization results in an erosion of state capacity." Explain. **4**
''राज्य की क्षमताओं में आ रही कमी वैश्वीकरण का परिणाम है।'' व्याख्या करें।

21. Analyse any four consequences of 'Emergency'. **4**
'आपात्काल' के किन्हीं चार परिणामों का विश्लेषण करें।

**OR/अथवा**

Examine the lessons learnt from Emergency.
आपात्काल से सीखे गये सबक का परीक्षण करें।

22. Comprehend the term 'Non-Congressism'. **4**
'गैर-कांग्रेसवाद' की संकल्पना को विस्तार से बताइए।

**OR/अथवा**

The fourth General Election to the Lok Sabha and State Assemblies is described as 'Political earthquake'. Justify the statement.
चौथी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों की व्याख्या एक 'राजनीतिक भूकंप' के तौर पर की जाती है। कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

23. What are 'Global Commons' ? Mention any two path-breaking agreements on Global Commons. **2+2=4**
'वैश्विक साझा संपदा' क्या हैं? वैश्विक साझा संपदा से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौतों के बारे में बताएँ।

## SECTION - D/खण्ड – घ

**24.** Read the passage given below and answer the questions that follow : **1+1+1+1=4**

A coup took place in 1991 that was encouraged by Communist Party hardliners. Boris Yeltsin emerged as a national hero. The Russian Republic began to shake off centralised control. Power began to shift from Soviet centre to Republics. The Central Asian Republics did not ask for independence. In Dec. 1991, three major republics of USSR declared that Soviet Union was disbanded and CPSU was banned.

(i) Which of the following is **not** a central Asian Republic ?

(a) Ukraine

(b) Azerbaijan

(c) Georgia

(d) Czechoslovakia

(ii) In Dec. 1991, which three major republics of USSR declared that Soviet Union was disbanded ?

(a) Russia, Ukraine, Belarus

(b) Armenia, Russia, Georgia

(c) Ukraine, Serbia, Belarus

(d) Belarus, Slovenia, Croatia

(iii) Which party in Soviet Union was banned ?

(a) SUCP

(b) PCSU

(c) CPSU

(d) USSR

(iv) Which philosophy formed the basis for post-Soviet republics ?

(a) Socialism and Communism

(b) Democratic Socialism

(c) Capitalism and Socialism

(d) Capitalism and Democracy

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1991 में एक तख़्तापलट हुआ जिसे कम्यूनिस्ट पार्टी से जुड़े गरमपंथियों ने बढ़ावा दिया था। बोरिस येल्तसिन राष्ट्रीय नायक की तरह उभरे। रूसी गणराज्य ने केंद्रीकृत नियंत्रण मानने से इंकार कर दिया। सत्ता मास्को से गणराज्यों की ओर खिसकने लगी। मध्य-एशियाई गणराज्यों ने अपने लिए स्वतंत्रता की माँग नहीं की। सन् 1991 के दिसम्बर में सोवियत संघ के तीन बड़े गणराज्यों ने सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा की, कम्युनिस्ट पार्टी प्रतिबंधित हो गई।

(i) निम्न में से कौन सा मध्य एशियाई गणराज्य **नहीं** है ?

(a) यूक्रेन (b) अजरबैजान (c) जार्जिया (d) चेकोस्लोवाकिया

(ii) कौन से तीन बड़े सोवियत गणराज्यों ने दिसंबर 1991 में सोवियत यूनियन के समाप्ति की घोषणा कर दी ?

(a) रूस, यूक्रेन, बेलारूस (b) अर्मेनिया, रूस, जार्जिया

(c) यूक्रेन, सर्बिया, बेलारूस (d) बेलारूस, स्लोवेनिया, क्रोएशिया

(iii) सोवियत यूनियन में कौन सी पार्टी प्रतिबंधित कर दी गई ?

(a) एस. यू. सी. पी. (b) पी. सी. एस. यू.

(c) सी. पी. एस. यू. (d) यू. एस. एस. आर.

(iv) कौन सी विचारधारा ने उत्तर-सोवियत गणराज्यों की स्थापना की ?

(a) समाजवाद और साम्यवाद (b) लोकतांत्रिक समाजवाद

(c) पूँजीवाद और समाजवाद (d) पूँजीवाद और लोकतंत्र

**25.** In the outline political map of India four states/UTs have been marked as (A), (B), (C) and (D). Identify these states/UTs on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book alongwith the respective serial numbers of the information used and the concerned alphabets as per the format that follows : **1+1+1+1=4**

| Sl. No. of the information used | Concerned Alphabet given in the Map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) The state associated with the Chinese occupation of this area between 1957 and 1959 and building of a strategic road.
(ii) The state associated with first nuclear explosion undertaken by India in May 1974.
(iii) The state associated with the signing of an agreement between Indira Gandhi and Zulfikar Ali Bhutto on 3rd July 1972.
(iv) The state associated with boundary dispute between India and China in the North-East.




**Note** : Following questions are for the **visually challenged** candidates in lieu of question number **25**.

Name the following : **1+1+1+1=4**

(i) The state associated with Sino-Indian boundary dispute in the North-East.
(ii) The state associated with signing of an agreement between India and Pakistan on 3rd July 1972 after 1971 Bangladesh war.
(iii) The state associated with Kargil conflict.
(iv) The state associated with first nuclear explosion undertaken by India in May 1974.

भारत के राजनीतिक मानचित्र पर (A), (B), (C) और (D) के रूप में चार राज्यों को इंगित किया गया है। नीचे दी गई सूचना के आधार पर इन राज्यों को पहचानिए। अपनी उत्तर पुस्तिका में दिए गए प्रारूप में सूचना की क्रम संख्या के साथ दी गई अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर को सहयोजित करते हुए राज्य का सही नाम लिखिए।

| सूचना क्रमानुसार | मानचित्र में दी गई संबंधित अंग्रेजी वर्णमाला | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) राज्य की पहचान कीजिए जहाँ 1957 से 1959 के बीच चीन ने इस क्षेत्र को अधिकृत कर लिया और एक रणनीतिक सड़क का निर्माण किया।

(ii) भारत द्वारा मई 1974 में किए गये प्रथम परमाणु विस्फोट से संबंधित राज्य।

(iii) 3 जुलाई, 1972 को इंदिरा गाँधी और जुल्फीकार अली भुट्टो के बीच हस्ताक्षर की गई संधि से संबंधित राज्य।

(iv) भारत और चीन के बीच सीमा-विवाद से संबंधित उत्तर-पूर्व का राज्य।




**नोट :** नीचे दिए गये प्रश्न **दृष्टिबाधित** अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या **25** के स्थान पर प्रस्तुत हैं। निम्नलिखित के नाम बताएँ।

(i) भारत-चीन के बीच सीमा-विवाद से संबंधित उत्तर-पूर्व के राज्य का नाम।

(ii) 1971 के बांग्लादेश युद्ध के बाद 3 जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित संधि से संबंधित राज्य।

(iii) कारगिल-संघर्ष से संबंधित राज्य।

(iv) भारत द्वारा मई 1974 में किए गये प्रथम परमाणु विस्फोट से संबंधित राज्य।

**26.** Study the given picture and answer the questions that follow : **1+1+2=4**




(i) What does the picture depict ?

(ii) What was the reason for the above incident ?

(iii) What measures were taken by Government towards bringing normalcy ?

**Note** : Following questions are for **visually challenged** candidates in lieu of question number **26**. **1+1+1+1=4**

(i) Name the signatories of Punjab Accord signed in July 1985.

(ii) What does 'seven sisters' refer to ?

(iii) Which two leaders signed a peace agreement in 1986 in Mizoram ?

(iv) Expand the term 'AASU'.

चित्र का अवलोकन करें और दिए गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए :




(i) उपरोक्त चित्र क्या दर्शाता है ?

(ii) उपरोक्त घटना के पीछे क्या कारण थे ?

(iii) परिस्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए ?

**नोट** : प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर नीचे दिए गये प्रश्न **दृष्टिबाधित** अभ्यर्थियों के लिए हैं।

(i) जुलाई 1985 में हुए पंजाब समझौते से जुड़े हस्ताक्षरकर्ताओं के नाम लिखें।

(ii) 'सेवन-सिस्टर्स' (सात-बहनों) से क्या अभिप्राय है ?

(iii) 1986 में मिज़ोरम में हुए शांति समझौते पर किन दो नेताओं ने हस्ताक्षर किया ?

(iv) 'AASU' (आसू) को विस्तारित रूप में लिखें।

## SECTION - E/खण्ड – ङ

**27.** Explain the realities of world politics after the Cold War. **6x1=6**

**OR**

Explain the criteria proposed for new permanent and non-permanent members of the Security Council.

शीत युद्ध के बाद की वैश्विक राजनीति की वास्तविकताओं की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई सदस्यता के लिए सुझाए गये मानदंडों की व्याख्या कीजिए।

**28.** Analyse the factors which led to militant Tamil nationalism in Sri Lanka. Examine the role played by India in Sri Lankan problem. **3+3=6**

**OR**

Evaluate India's relations with Nepal. **6**

उन कारकों का विश्लेषण कीजिए जिन्होंने श्रीलंका में उग्रवादी तमिल राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया। श्रीलंकाई समस्या में निभाई गई भारत की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

**अथवा**

नेपाल के साथ भारत के संबंधों का मूल्यांकन कीजिए।

**29.** Why was the Mandal Commission set-up ? What were the recommendations of Mandal Commission ? **2+4=6**

**OR**

What was BAMCEF ? Analyse the factors for BSP to emerge as a major political force. **3+3=6**

मंडल कमीशन का गठन क्यों किया गया था ? मंडल कमीशन की क्या सिफ़ारिशें थीं ?

**अथवा**

'बामसेफ' क्या था ? बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख राजनीतिक ताकत के तौर पर उभरने वाले कारकों का विश्लेषण कीजिए।

**30.** Critically examine the three challenges of nation building. **3x2=6**

**OR**

Which principle was followed for partition of India ? Elucidate the difficulties involved in the partition process. **1+5=6**

राष्ट्र-निर्माण की तीन प्रमुख चुनौतियों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**अथवा**

'भारत-विभाजन' के लिए किस सिद्धान्त का पालन किया गया ? विभाजन की प्रक्रिया में आई कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।

- o O o -